30.03.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ जनगणना 2027 पहली अप्रैल से शुरू होगी–पहले चरण में घर–घर की सूची बनाने के साथ नागरिकों द्वारा स्वयं गणना की जाएगी।

○ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 1 लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं और सहायिकाओं के खातों में 12 करोड़ 20 लाख रूपये की राशि हस्तान्तरित की।

○ राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कल 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी करेगा।

○ प्रदेश के कई इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के असर से अंधड़ और बारिश।

000

जनगणना 2027 पहली अप्रैल से शुरू होगी। यह आज़ादी के बाद की आठवीं और इस श्रृखंला की 16वीं जनगणना होगी। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में महापंजीयक और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। श्री नारायण ने कहा कि पहले चरण में घर–घर की सूची बनाने के साथ नागरिकों द्वारा स्वयं गणना की जाएगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में एक लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को डी–बी–टी के माध्यम से 12 करोड़ 20 लाख रूपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। प्रत्येक कार्यकर्ता और सहायिकाओं को 1–1 हजार रूपये के 2 युनिफार्म दिए जायेगें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों की वार्षिक गतिविधियों के कैलेंडर का विमोचन भी किया। श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना और कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को चेक भी सौंपे। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के काम की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों के भविष्य के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं।

000

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री और महिला तथा बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है।
उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

000

तेल विपणन कंपनियों ने राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए कार्यकारी निदेशक स्तर पर तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण देश में आयातित एलपीजी की उपलब्धता प्रभावित हुई है। श्री गोपी ने कहा कि भारत अपनी एलपीजी खपत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। इसमें से लगभग 90 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एलपीजी आपूर्ति में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी का आवंटन 20 प्रतिशत और बढ़ाकर कुल आवंटन को संकट–पूर्व स्तर के 70 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है।

0000

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना– ईसीएमएस के अन्तर्गत 61 हजार करोड़ रुपये की कुल 75 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि इन परियोजनाओं से लगभग 61 हजार करोड़ रुपये का निवेश और देश में लगभग 65 हजार प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–आरबीएसई की 12वीं कक्षा का परिणाम कल घोषित किया जाएगा। सीनियर सैकण्डरी के कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकायों के नतीजे कल सुबह दस बजे जारी किये जाएंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर अजमेर स्थित बोर्ड कार्यालय से ये परिणाम जारी करेंगे।

000

राज्य में नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसके लिए प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव आयोजित किया जा रहा है। स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की टीमें घर–घर जाकर सर्वे कर रही हैं। यह सघन अभियान 27 मार्च को चलाया गया था। अब 6, 10 और 15 अप्रैल को भी ये अभियान चलाया जाएगा। शिक्षा विभाग ने इस बार सत्र के पहले दिन से ही पढ़ाई शुरू करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए 1 अप्रैल तक सभी स्कूलों में पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने के प्रयास किए गए हैं।

000

इंदिरा गांधी नहर में आंशिक बंदी शुरू हो गई है। ये नहरबंदी 10 अप्रेल तक चलेगी। इस दौरान पंजाब के सरहिंद फीडर से पीने का 1500 से 2000 क्यूसैक पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके बाद 11 अप्रेल से 10 मई तक 30 दिनों के लिए नहर की पूर्ण बंदी रहेगी। अधिकारियों ने आमजन से पानी की हर बूंद का सदुपयोग करने की अपील की है, जिससे अगले डेढ़ महीने तक जलापूर्ति सुचारू बनी रहे।

000

भगवान महावीर के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आज प्रदेशभर में अनेक आयोजन हो रहे हैं। इनके साथ ही भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा, जियो और जीने दो का संदेश जन–जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर नवकार महामंत्र का जाप किया जा रहा है और शोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं। अजमेर में पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से आकर्षक झांकियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं रणकपुर और श्रीमहावीर जी में भी इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी जुटे हैं। सलूम्बर में निकाली गई रथ यात्रा का जगह–जगह स्वागत किया गया।

000

राज्य के कई इलाकों में आज तेज हवाओं, अंधड़ से साथ बारिश हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से करीब 15 से ज्यादा जिलों में बादल छाए रहे। सवाई माधोपुर में दोपहर बाद आसमान में बादल छाने से मौसम खुशनुमा हो गया। डीग और जैसलमेर में तेज अंधड़ के साथ बूंदाबांदी हुई। कोटा में जिले में सुबह से ही बादल छाए रहे और दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि हुई। हनुमानगढ़ में भी काले बादलों की गर्जना के साथ कहीं बूंदाबांदी तो कहीं हल्की वर्षा होने के समाचार हैं। भीलवाड़ा में भी दोपहर बाद कई इलाकों में छींटे गिरे। मौसम केंद्र जयपुर ने आज भरतपुर, कोटा, बूंदी, बारां जिलों में बिजली गिरने ओर ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा आज जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में तेज मेघगर्जन, आंधी व कहीं–कहीं हल्की–मध्यम बारिश होने की संभावना है। कल भी शेखावाटी क्षेत्र, जयपुर, भरतपुर व कोटा संभाग के कुछ क्षेत्रों में कहीं–कहीं हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है।

000

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अब खेती के कचरे से सड़क बनाने वाला डामर यानी कि बायो–बिटुमेन तैयार किया जाएगा। वे आज नई दिल्ली में इस नई तकनीक से जुड़े एक समझौते के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि फसल कटने के बाद बचे हुए अवशेषों का इस्तेमाल होने से किसानों को अतिरिक्त कमाई होगी। इससे न केवल प्रदूषण कम होगा, बल्कि पर्यावरण को बचाने के भारत के लक्ष्यों को भी मजबूती मिलेगी।

000

इस अवसर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि भारत अपनी जरूरत का आधा डामर विदेशों से मंगवाता है। इस नई तकनीक के आने से अब डामर देश में तैयार किया जा सकेगा, जिससे दूसरे देशों पर निर्भरता कम होगी।

000

मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025–26 कल समाप्त हो रही है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक ऋणी सदस्य कल तक अपने जिले के सहकारी भूमि विकास बैंक में सम्पर्क कर सकते हैं। राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के प्रबंध निदेशक जितेन्द्र प्रसाद ने बताया कि योजना में बकाया शत–प्रतिशत अवधिपार ब्याज और दण्डनीय ब्याज की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है।

000

राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में राज्य के बीमा और प्रावधायी निधि विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान वन्दे मारतम् पर हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन विशेष रहा। विभागाध्यक्ष हेम पुष्पा शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

000

राज्य सरकार प्रदेश में टाइप–1 डायबिटीज और सिकल सेल एनीमिया के इलाज को और बेहतर बनाएगी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आज जयपुर में हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई। इस बैठक में पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण और निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य सचिव ने टाइप–1 डायबिटीज के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने और बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जैसे आदिवासी जिलों में सिकल सेल एनीमिया कार्यक्रमों को मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में 'मिशन मधुहारी' को पीपीपी मॉडल के जरिए और प्रभावी बनाने पर भी विचार–विमर्श हुआ।

000